ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष-18 | अंक- 12 | सितम्बर -II | (पाक्षिक) | माउण्ट आबू | Rs. 8.00

मेरा भारत स्वर्णिम भारत अभियान का भव्य शुभारंभ

➢ गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितिनभाई पटेल ने हरी झंडी दिखाकर मेरा भारत स्वर्णिम भारत अभियान की पीस मैसेंजर बस को किया रवाना

➢ विशेष रूप से बनाई गई 'पीस मैसेंजर बस' स्वच्छता जागरुकता हेतु भारत भर में करेगी भ्रमण

अहमदाबाद। ब्रह्माकुमारीज़ के यूथ विंग की ओर से 'मेरा भारत स्वर्णिम भारत अभियान' का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, राजपथ क्लब लेन बोडकदेव में आयोजित गरिमामय समारोह में किया गया। मुख्य अतिथि गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितिनभाई पटेल ने हरी झंडी दिखाकर पीस मैसेंजर बस को रवाना किया।

राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी जी के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए उपमुख्यमंत्री नितिनभाई पटेल, स्वतंत्र निदेशक परेन्दु भगत, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता उपेन पटेल, ब्र.कु. चंद्रिका, ब्र.कु. सरला तथा अन्य।

सामाजिक सरोकार व सरकार के सहयोग से होगा भारत स्वच्छ

उपमुख्यमंत्री नितिनभाई पटेल ने कहा कि छोटा सा दीपक उजाला कर सकता है, हमने तो आज मशाल जलाई है। ये अभियान राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। ब्रह्माकुमारी संस्था ने आज बहुत ही अच्छे कार्य की शुरुआत की है, जो काम राज्य और केंद्र सरकार को करना चाहिए, वह यह संस्था कर रही है। इस अभियान की खासियत यह है आध्यात्मिकता के माध्यम से ये मानव मन में जागृति फैलाने का कार्य करेगा जिससे स्वच्छता के प्रति वे अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे और इससे अस्वच्छता न करने की प्रेरणा को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन के माध्यम से विचारों के धरातल पर झाँककर न सिर्फ विकृत विचारों का दहन होगा बल्कि उन्नत और उत्कृष्ट विचारों का सृजन भी होगा, जिससे मानसिकता तथा नज़रिये में बदलाव आयेगा और ये अभियान निश्चित रूप से सफल होगा।

मशाल थमाकर किया आह्वान

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका व यूथ विंग की चेयरपर्सन राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी जी ने यात्रा के मैनेजर ब्र.कु. मुकेश को मशाल थमाकर युवाओं में सकारात्मकता, स्वच्छता और आध्यात्मिकता की अलख जगाने का आह्वान किया तथा उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक शिक्षाओं के ज़रिये 'वसुधैव कुटुम्बकम'

की भावना को बल मिलेगा, और समाज में जो भी विसंगतियाँ हैं उससे सभी छुटकारा पायेंगे। गुजरात ज़ोन की डायरेक्टर राजयोगिनी ब्र.कु. सरला दीदी ने कहा कि ये जागरुक युवा ही भारत को पुनः स्वर्णिम बनायेंगे। गुज़रात योजना आयोग के उपाध्यक्ष नरहरिभाई अमीन ने कहा कि ये संस्थान का एक बहुत ही सराहनीय कदम है जिससे स्वच्छता के प्रति लोगों में निःसंदेह जागृति आएगी।

अडानी ग्रुप के डायरेक्टर प्रणव अडानी ने कहा कि अभियान का कॉन्सेप्ट बहुत ही यूनिक है। राजयोग मेडिटेशन और योगा से ही हमारे अंदर पॉज़ीटिविटी आती है। इससे निश्चित ही युवाओं में परिवर्तन आएगा।

मेडिटेशन से पाया तनाव से निजात

बॉलीवुड एक्टर उपेन पटेल ने कहा कि जब से मैं इस संस्था से जुड़ा हूँ, मेरे अंदर काफी परिवर्तन आया है। पहले मुझे बहुत जल्दी गुस्सा आ जाता था और तनाव हो जाता था लेकिन मेडिटेशन के अभ्यास से अब जीवन में शांति की अनुभूति होती है। आज मैं बहुत खुश हूँ कि मैं ब्रह्माकुमारीज़ का स्टूडेंट हूँ। यहाँ के ज्ञान ने मेरा पूरा जीवन ही बदल दिया।

अंतर्राष्ट्रीय टैक्स एक्सपर्ट मुकेश पटेल ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अभियान के प्रति शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के स्वतंत्र निदेशक परेन्दु भगत (काकूभाई) ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

यूथ विंग की नेशनल को-ऑर्डिनेटर राजयोगिनी ब्र.कु. चंद्रिका बहन ने अभियान का उद्देश्य और रूपरेखा बताते हुए कहा कि इस अभियान में ऐसे युवा भाई-बहनें शामिल हैं जो निर्व्यसनी और बालब्रह्मचारी जीवन जी रहे हैं, ये हमारी संपदा हैं। ये युवा आज स्वर्णिम भारत का सपना लेकर निकले हैं। उन्होंने अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि संसार की तमाम समस्याओं का हल सकारात्मकता में ही है। यह सबसे बड़ी ताकत है।

पीस मैसेंजर बस करायेगी जनजागृति

पीस मैसेंजर बस तीन साल तक भारत वर्ष के गांव से लेकर कस्बों और शहरों में शांतिदूत बनकर जाएगी और इसके माध्यम से समाज के विशेष रूप से युवा भाई-बहनें तथा हर वर्ग के लोगों को शांति, स्वच्छता और जनजागृति का पैगाम देगी। ब्र.कु. कृति से सभी का स्वागत किया। स्वागत नृत्य अजय और नीमा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। मंच संचालन हैदराबाद के ब्र.कु. रामकृष्ण ने किया।

संस्कार से संसार परिवर्तन : शिवानी

फरीदाबाद सेक्टर-डी.। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'द पैलेस-बैंक्वेट हॉल' में आयोजित 'इनर पॉवर, इनर पीस' विषय पर विश्व विख्यात जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी शिवानी ने कहा कि परिस्थितियाँ बाहर से नहीं आतीं, बल्कि ये अपने ही अंदर के कमज़ोर संकल्पों की रचना हैं। तो हमें इनसे घबराने के बजाय इनका सामना करना है। साथ ही उन्होंने जन्माष्टमी की बधाई देते हुए इसका आध्यात्मिक रहस्य भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण की दुनिया यानि सुंदर सतयुगी दुनिया आने का आधार स्वयं के संस्कार परिवर्तन हैं। कार्यक्रम में फरीदाबाद की विधायिका सीमा त्रिखा, जिला सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता, मेयर सुमन बाला, डेप्युटी मेयर मनमोहन गर्ग सहित तीन सौ लोगों ने कार्यक्रम का भरपूर लाभ लिया।

ब्र.कु.शिवानी के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए ब्र.कु. ऊषा, ब्र.कु. हरीश, ब्र.कु. प्रीति, एच.के. बत्रा,एम.डी.,परफेक्ट ब्रेड, बी.एम. शर्मा,सेन्टेनियल गवर्नर,लायंस क्लब व अन्य।